श्री जितेन्द्र कुमार राय, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या 18/2/2761 का उत्तर प्रतिवेदन।

क्र0सं0	तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2761	उत्तर प्रतिवेदन
1	क्या यह बात सही है कि सारण जिले के सारण नहर प्रखंड अन्तर्गत सुल्तानपुर वितरणी नहर का जीर्णधार एवं लाइनिंग कार्य ढ़लाई वर्ष–2016–2020 मे किया गया है ;	वस्तुस्थित यह है कि :– • प्रश्नगत सुल्तानपुर वितरणी, पटेढ़ा शाखा नहर के अंतिम छोर से निःसृत है एवं इसकी कुल लंबाई 28.27 कि0मी0 है। • प्रश्नगत वितरणी में पी0सी0सी0 लाईनिंग का कार्य वर्ष 2015–16 में कराया गया था। • पटेढ़ा शाखा नहर के ऊपरी भागों से क्रमशः मशरख उपवितरणी, पिपरा उपवितरणी, सलेमपुर वितरणी एवं अंतिम छोर से सुल्तानपुर वितरणी निःसृत है। • प्रत्येक वर्ष खरीफ सिंचाई हेतु नहरों में जलश्राव प्रवाहित किया जाता है। वर्तमान में पटेढ़ा शाखा नहर में अत्यधिक मात्रा में गाद तथा जंगल–झाड़ी जम गया है, फलस्वरूप इस नहर में रूपांकित जलश्राव के अनुरूप जलश्राव प्रवाहित नहीं हो पाता है, जिसके कारण इसके अंतिम छोर से निःसृत सुल्तानपुर वितरणी के अंतिम छोर तक जलश्राव प्रवाहित नहीं हो पाता है। • सुल्तानपुर वितरणी के अंतिम छोर तक जलश्राव प्रवाहित कराने हेतु पटेढ़ा शाखा नहर के पुनर्स्थापन का कार्य वर्तमान में कराया जा रहा है, जिसे आगामी खरीफ सिंचाई–2026 के पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा।
2	क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौरा प्रखंड में अवस्थित उक्त वितरणी नहर के पुर्णनिर्माण में राशि लगभग 33 करोड़ खर्च किये जाने के बाद भी वितरणी नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण हजारों एकड़ भूमि में लगी फसले सिचाई से वंचित रह जाती है;	
3	यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषियों के उपर कार्रवाई करने के साथ ही अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सि0)–05–121 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2761 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सि0)–05–121 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सि0)–05–121 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सि0)–05–121 / 2026– 1364 पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo